हरियाणा सरकार ने ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) की शुरुआत की

चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में 'स्टार्टअप संगोष्ठी और उद्योग प्रज्ज्वलित, 2023' का उद्घाटन कर बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के सर्वेक्षण, कृषि और बागवानी फसलों और सुरक्षा उद्देश्यों के लिये संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी आदि के लिये ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) की शुरुआत की।

प्रमुख बिंदु

- ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) राज्य में युवाओं को पायलट ड्रोन प्रशिक्षण देगी, जिससे युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।
- राज्य सरकार ने स्टार्टअप्स वेयरहाउस, इनोवेशन कैंपस और मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना को भी प्रोत्साहन देने का काम किया है।
- राज्य सरकार अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने और राज्य में स्थायी खनन अभ्यास को सुनिश्चित करने के लिये भी ड्रोन का उपयोग कर रही है।
- सरकार राज्य में पराली जलाने पर निगरानी और रोकथाम के लिये ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। इस कदम से पराली जलाने के मामले पिछले साल की तुलना में 47 फीसदी कम हो गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-govt-launched-drone-imaging-and-information-service-of-haryana-limited-drisha-